बिहार विधान परिषद्

187वां सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग – 4

वृहस्पतिवार, तिथि 09 अग्रहायण, 1939 (श.) / 30 नवम्बर, 2017 ई.

प्रश्नों की कुल संख्या – 08

1.	गृह (आरक्षी) विभाग	-	-	01
2.	जल संसाधन विभाग	-	-	04
3.	उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग	-	-	01
4.	वित्त विभाग	-	-	01
5.	लघु जल संसाधन विभाग	-	-	01
			कुल योग –	08

उचित न्याय

17. **श्री सतीश कुमार** : क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत बंजरीया थाना के बथना निवासी भोला मुखिया को टेम्पू खरीदने हेतु पंजाब नेशनल बैंक से 1.10.2014 को 1 लाख 93 हजार लोन स्वीकृत किया गया तथा शेष मार्जिन मनी स्वयं भोला मुखिया द्वारा आनन्द ऑटो मोबाइल, प्रोपराइटर नंदलाल गुप्ता उर्फ आनन्द गुप्ता को बैंक ड्राफ्ट जमा करा दिया गया परंतु दो वर्षों से टेम्पू नहीं देने के कारण नगर थाना मोतिहारी में एफ.आई.आर. कराया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो भोला मुखिया को टेम्पू दिलाने तथा आनन्द ऑटो मोबाइल के प्रोपराइटर नंदलाल गुप्ता उर्फ आनन्द गुप्ता को गिरफ्तार करने, बैंक का ब्याज वसूल कर गरीब भोला मुखिया को उचित न्याय सरकार दिलाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

सिंचाई सुविधा मुहैया

18. **प्रो. नवल किशोर यादव** : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2017 में राज्य में बाढ़ के दौरान बड़े पैमाने पर 19 जिलों के तटबंध, बराज एवं अन्य संरचनाएं ध्वस्त हो गई हैं, जिसके निर्माण एवं पुन: स्थापन के लिए विभाग को आकस्मिक निधि से 300 करोड़ निकासी करने का प्रावधान किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त राशि का उपयोग आबादी एवं जनसंख्या की सुरक्षा के साथ जनमानस को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का भी लक्ष्य रखा गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समय-सीमा निर्धारित कर तटबंधों, बराज तथा अन्य ध्वस्त संरचनाओं की मरम्मती करने एवं प्रभावित किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया करने का विचार रखती है, ताकि जनमानस को इसका त्वरित लाभ मिल सके?

कौन-सा प्रयास

19. **प्रो. संजय कुमार सिंह** : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिले की बागमती नदी के दक्षिण किनारे पर बने तटबंध की मुख्य धारा परिवर्तित हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि परिवर्तित धारा को मुख्य धारा में लाने के लिए विभाग द्वारा पिछले 10 वर्षों से कोई प्रयास नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि इस क्षेत्र के लाखों किसानों का हित इससे जुड़ा हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार परिवर्तित धारा को मुख्य धारा में लाने के लिए कौन-सा प्रयास कर रही है?

निर्माता तथा अभियुक्तों पर कार्रवाई

20. **श्री सुबोध कुमार** : क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू है, इसके तहत शराब का निर्माण, बिक्री एवं उपभोग प्रतिबंधित है;

(ख) क्या यह सही है कि पूर्ण शराबबंदी के बावजूद पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से स्थानीय स्तर पर शराब का निर्माण किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि स्थानीय स्तर पर निर्मित शराब जहरीली होती है, जिसे पीकर गोपालगंज रोहतास एवं भोजपुर सहित कई अन्य जिलों में कई लोगों की मृत्यु हो गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जहरीली शराब निर्माता सहित अन्य अभियुक्तों एवं उन्हें सहयोग करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

वेतन में बढ़ोतरी

21. **श्री सी. पी. सिन्हा** : क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत मजदूरों का वेतन सरकार ने 14,800/- देने का निर्णय लिया है;

(ख) क्या यह सही है कि विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत कार्यपालक सहायकों का वेतन मात्र 11,343/- दिया जाता है, जो कि विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत मजदूरों के वेतन से काफी कम है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत कार्यपालक सहायकों के वेतन में बढ़ोतरी करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

पक्का बांध

22. **डा. उपेन्द्र प्रसाद** : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के ग्राम मंझोस, मखदूमपुर में मोरहर नदी में घेजन मंझोस कच्चा जमींदारी बांध ध्वस्त होने के कारण स्थानीय किसानों को खेती हेतु पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त बांध को किसानों के हित में पक्का बांध बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

नलकूप की मरम्मती

23. **श्री राजेश राम** : क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चंपारण जिले के प्रखंड बगहा-2 अंतर्गत ग्राम हरईयाकोर्ट एवं गोनौली में राजकीय नलकूप विगत पांच वर्षों से मरम्मती के अभाव में बंद है, जिसके कारण किसानों को खेतों की सिंचाई हेतु बहुत परेशानी हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित बंद पड़े राजकीय नलकूप की मरम्मती कराकर किसानों के हित में चालू कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

स्लुईस गेट का निर्माण

24. **श्री टुनजी पाण्डेय** : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिला अंतर्गत दरौली प्रखंड के तरिवन बभन टोली से कनौला तक निर्मित बांध की स्थिति काफी दयनीय है, जिसको सुदृढ़ कर दर्जनों गांव की सैकड़ों एकड़ जमीन को खेती योग्य बनाया जा सकता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त बांध का मिट्टीकरण कर पक्कीकरण के साथ बांध के मध्य सलुईस गेट का निर्माण करना चाहती है, नहीं तो क्यों?

सुनील कुमार पंवार
सचिव
बिहार विधान परिषद्

पटना
दिनांक : 30 नवम्बर, 2017